



# निजी स्कूलों से कम नहीं सांदीपनि

## जैसीनगर में 35 करोड़ की लागत से नवनिर्मित भवन के लोकार्पण समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा



नवभारत न्यूज

**सागर 8 फरवरी. जैसीनगर में विकास की एक और नई इबारत लिखी गई जहां 35 करोड़ की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह द्वारा किया गया.**

इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में निजी स्कूलों से अच्छे बन रहे सांदीपनि विद्यालय यह सब जनता जनार्दन के आर्शीवाद से ही संभव हुआ है. मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की मांग पर जल्द ही बिलहरा और सुरखी में करोड़ो के नये सांदीपनि विद्यालय खोले जायेंगें. अभी राहतगढ़ और जैसीनगर में आपके यहां यह विद्यालय खोले जा चुके हैं जिनमें प्राईवेट स्कूलों से अच्छी शिक्षा एवं व्यवस्थाएं मिलेगी.

इस अवसर पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि भवनविहीन शास.माध्यमिक शाला जेरा, विशनपुर, बरखेरा महंत, धाउ, हड़ा एवं भवन निर्माण हेतु शासकीय हाईस्कूल विदवास,बरोदा सागर, मिडवासा, मसुरहाई, गेहूंरास बुजुर्ग, पड़रई, आदि के लिए मांग की गई थी.

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा की गई मांग को पूरा करते हुए मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जो भी मांग मंत्री श्री राजपूत द्वारा की जायेगी वह पूरी होगी और शिक्षा के लिए हर मांग पूरी करना मेरा दायित्व है.

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर जैसीनगर में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई एवं शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री सिंह का स्वागत किया गया. इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष रामबाबू सिंह, हरीराम सिंह पूर्व अध्यक्ष, उपस्थित रहे.

**राहतगढ़.** शासकीय सांदीपनि विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकापर्ण नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में 9 फरवरी दोपहर 1 बजे से आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा.

## चालानी कार्रवाई की गई

**सागर.** एमएलबी स्कूल के आसपास नालियों में जमा सीएंडडी वेस्ट मलवा निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने समक्ष में खड़े होकर हटवाया. उन्होंने कहा कि नालियों में जरा सा भी सीएन्डडी वेस्ट पड़ा न रहे इससे कचरा छिड़ता है और नालियाँ चोक होकर गंदगी सड़कों पर बहती है, पूरी सजगता के साथ नालियों की समुचित सफाई सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि नालियों में पत्थर, मिट्टी, रेत, गिट्टी, ईट सहित भवन निर्माण सामग्री या मकान निर्माण टूटने से निकला मलवा पहुंचने से पहले ही रोकें. निर्माण कार्य शासकीय अशासकीय कैसा भी हो सीएन्डडी वेस्ट सड़क किनारे न पड़ा रहे. निर्माण या विधवंस कर्ताओं और नागरिकों से सामंजस्य स्थापित करें उन्हें सी एंड डी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट की जानकारी, नंबर उपलब्ध करायें.

# सिद्धचक्र महामंडल विधान का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 8 फरवरी. केंद्रीय जेल में सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसेमहेश बिलहरा और रायपुर से आए श्रावक श्रेष्टि विनोद बड़जात्या एवं श्रीमती संजना बड़जात्या ने संपन्न किया. अध्यक्षता करते हुए विधायक शैलेंद्र जैन ने जेल प्रशासन द्वारा जनहित में किए जा रहे ऐसे अनुकरणीय कार्यों की सराहना की. जेल हथकरघा कमेटी के सीए प्रियेश जैन ने बताया कि यह विधान सातवीं बार केंद्रीय जेल सागर में संपन्न किया जा रहा है. प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद जैन ने कहा कि प्राइवेट पार्टनरशिप प्रोजेक्ट के तहत जेल में लगातार हो रहा यह पूजन विधान बंदियों में संस्कारों को बढ़ावा देने का कदम है.



सत्र न्यायाधीश सचिन जैन ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने की एक उम्र होती है, लेकिन संस्कारों को कभी भी और कहीं भी ग्रहण किया जा सकता है. अपर सत्र न्यायाधीश सिमरन सिंह ने कहा कि यहाँ समाज सेवा का उत्कृष्ट कार्य हो रहा है. मुनि श्री निष्कंप सागर महाराज ने कहा कि सागर जेल में निरंतर हो रहे ऐसे कार्यक्रमों से व्यक्ति के स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन आता है. उन्होंने कहा कि क्रोध आने पर यदि व्यक्ति कुछ पल रुक जाए, तो वह अपराध करने से बच सकता है. मुनिश्री निष्काम सागर महाराज के सानिध्य में, ब्रह्मचारी अंकित भैया द्वारा पूरा कार्यक्रम संपन्न कराया गया. प्रसिद्ध बुंदेली गायक जीतू जैन ने बुंदेली भजनों की प्रस्तुति दी. विशिष्ट अतिथियों में एडिशनल कमिश्नर पवन जैन, हाई कोर्ट के अध्यक्ष डीके जैन ने इसे सामाजिक समरसता की एक अच्छी पहल बताया. इस दौरान जेलर मनोज मिश्रा ने आभार व्यक्त किया.

## एक नजर में



### मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरित की गई

**बीना.** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड बीना रिफाइनरी द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया. इस अवसर पर संतोष सिंह, रतनसींग यादव, शशि कैथोरिया, नवीन पालीवाल, ज्योति दुबे उपस्थित रहे.



### डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा संपन्न

**सागर.** लायंस क्लब सागर डायमंड के आयोजित कार्यक्रम में डिस्ट्रिक गवर्नर एम जे एफ लायन प्रवीण वशिष्ठ की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट संपन्न हुई. रीजन चेयरपर्स विदिशा से आए मुदित बंसल एवं जॉन चेयरपर्सन डॉ रवि साहू सम्मिलित हुए. लाइन संध्या सिंघई द्वारा का ध्वज वंदना की गई. वरिष्ठ लायन चक्रेश सिंघई बताया कि सर्वप्रथम प्रथम उपाध्यक्ष लायन देवेंद्र जैन द्वारा स्वागत उद्बोधन हुआ. सचिव अनिल दिवाकर द्वारा सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में महेश श्रीवास्तव, सुनील सागर, राम लखन यादव, विशाल जैन, अलका दिवाकर, वंदना सेठ, सरिता नायक उपस्थित थीं. आभार लायन मनीष नायक ने व्यक्त किया.



### संभाग स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता आयोजित

**सागर.** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि आयुषी अग्रवाल अंतरराष्ट्रीय वेट लिफ्टरने विधिवत पिट्ठू खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कि कहा सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुये खेल की शुचिता का ध्यान रखें. प्रतियोगिता में सागर जिला की टीम विजेता एवं दमोह जिला की टीम उपविजेता रही, महिला वर्ग में सागर जिला की टीम विजेता एवं दमोह जिला की टीम उपविजेता रही. छात्र वर्ग में प्रद्युम दुबे, शनि राजपूत, प्रेमलाल अहिरवार का प्रदर्शन सराहनीय रहा. छात्रा वर्ग में ऋषिका यादव आरती कुर्मी का प्रदर्शन सराहनीय रहा. क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अजय व्यास ने संचालन, आभार खेल प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने माना.



### जन-जागरुकता अभियान

**ललितपुर.** इंडियन बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसायटी और मानव ऑर्गेनाइजेशन के पर्यावरण प्रेमियों ने गौरैया संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया. चंद्रप्रताप सिंह और अनमोल दुबे ने पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर विषय को एक सशक्त मंच प्रदान किया. प्रमुख पर्यावरणविद् एड. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने गौरैया की पाती (चिट्ठी) के माध्यम से एक भावुक अपील पेश की. डा. सोनिका कशवाहा के नेतृत्व में लगाए गए स्टॉल पर पक्षियों के मुखौटे और कृत्रिम घोंसले बच्चों और बड़ों के बीच आकर्षण का केन्द्र रहे. पर्यावरण योद्धा धर्मेंद्र सिंह ने स्वयं निर्मित लकड़ी के घोंसलों का प्रदर्शन किया. अधिवक्ता नीरज शिवहरे और लेखक अभिनव जैन,दिनेश कुशवाहा ने भी सक्रिय भूमिका निभाई.

# लूट अपहरण के आरोपी पकड़े

नवभारत न्यूज

**सागर 8 फरवरी. गोपालगंज थाना पुलिस ने लूट व अपरहण के आरोप में चार आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर घटना में प्रयुक्त हथियार, लूटी गई सोने की अंगूठी एवं इलेक्ट्रॉनिक ऑटो जप्त की है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी दीपक राय निवासी तिरुपतिपुरम, थाना गोपालगंज द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपनी मोटरसाइकिल से एसबीआई कियोस्क बैंक के पास खड़ा था. इसी दौरान आरोपी धीरज कोरी, अमन अहिरवार, विवेक एवं एक विधि विरुद्ध बालक इलेक्ट्रॉनिक ऑटो से मौके पर पहुंचे. आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते फरियादी को गालियां देते हुए धीरज कोरी द्वारा उसकी पीठ में चाकू अड़ाकर जबरन ऑटो में बैठाया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए सुनसान स्थान पर ले गए. वहां आरोपियों द्वारा चाकू एवं डंडे से बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे फरियादी को शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई. मारपीट के दौरान आरोपियों ने फरियादी के पास से सोने की अंगूठी लूट ली थी.

# परशुराम चौराहा सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**सागर 8 फरवरी. नगर निगम द्वारा भगवान परशुराम चौराहा का सौंदर्यीकरण किए जाने हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम सिविल लाइन में संपन्न हुआ.**

महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, शौर्य, तपस्या और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं. ऐसे महान आदर्श पुरुष के नाम से इस चौराहे की पहचान होना और अब उसका सुव्यवस्थित एवं सुंदर स्वरूप लेना, हमारे शहर की सांस्कृतिक चेतना को और अधिक सशक्त करेगा.




इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि आज बड़ा सौभाग्य है इस नगर के लिए कि सिविल लाइन चौराहा का नामकरण भगवान परशुराम जी के नाम पर कर उसका सौंदर्यीकरण किया जा रहा है. इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ सुशील तिवारी, रविन्द्र दुबे कक्का, अजय दुबे, डॉ. अनिल तिवारी ने भी संबंधित किया. संचालन रचना तिवारी, आभार इंद्रजीत दुबे ने व्यक्त किया. कार्यक्रम में रिशांक तिवारी, अनूप उर्मिल, राजकुमार पटेल, संगीता जैन, कंचन सोमेश जड़िया, पार्षद रूबी पटेल, प्रहलाद पटेल, कनई पटेल, प्रफुल्ल दुबे, डॉ. डी पी चौबे, रामावतार पांडेय मौजूद थे.

## स्ट्राबेरी की खेती

**सागर.** आमतौर पर कोई भी किसान अपने खेत में सोलर प्लांट नहीं लगाना चाहेगा. क्योकिं सोलर प्लांट की प्लेट्स के चलते उसे खेती करना असंभव हो जाएगा. लेकिन एग्री वोल्टेयिक प्लांट तकनीक के चलते अब सौर उर्जा का उत्पादन और खेती एक साथ की जा सकती है. आईआईटीयन आनंद जैन ने एग्री वोल्टेयिक प्लांट के नीचे खेती करने का कमाल कर दिखाया है. इतना ही नहीं उनके इस प्लांट के नीचे इजिप्त से मंगवाई गयी स्ट्राबेरी भी उन पहाडी इलाकों की तरह फल फूल रही है, जहां बडे पैमाने पर स्ट्राबैरी की खेती की जाती है और देश भर में सप्लाई की जाती है.

# शिविर में 243 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 8 फरवरी. आईएमए ने स्वास्थ्य विभाग तथा शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त सहयोग से गर्ल्स डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का किया.**

इस शिविर में 243 लाभार्थियों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई. आईएमए सागर के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने व्यक्तिगत रूप से सभी जांचें कीं और प्रत्येक लाभार्थी को चिकित्सकीय सलाह प्रदान की. आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग, खासकर उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें जो अपनी व्यस्तता में खुद की सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. नीरज बलाही ने अहम भूमिका निभाई*. शिविर के दौरान दिवंगत पत्रकार स्व. जितेंद्र श्रीवास को श्रद्धांजलि अर्पित की गई.



सिविल सर्जन डॉ. आर.एस. जयंत ने इस पहल की सराहना की. शिविर में डॉ. प्रदीप चौहान, डॉ. ज्योति चौहान, डॉ. जितेंद्र सराफ, डॉ. प्रदीप रोहन, डॉ. संतोष पटेल, डॉ. जितेंद्र दांगी, डॉ. राहुल मुखरैया, डॉ. सादिया अफरीन, डॉ. रचना जैन, डॉ. रेशमी सेडान तथा डॉ. सार्थक मौजूद थे.

## ननि ने जुर्माना लगाया

**सागर.** स्वच्छ भारत मिशन के तहत राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा स्वच्छ सर्वेक्षण में निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन द्वारा प्रतिस्पर्धा के सभी पहलुओं पर सजगता के साथ कार्य किये जा रहे हैं. निगमायुक्त श्री खत्री ने कचरा खुद बोलेगा मैं किसका हूँ अभियान के तहत शहर में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने चेतन्य हॉस्पिटल रोड पर निरीक्षण के दौरान दुकानों के आस-पास गंदगी पाई जाने पर चायपान दुकान और बेकर्स पर 5-5 हजार रूपये जुर्माने का चालान कराया.

# हिंदू सम्मेलन का आयोजन

नवभारत न्यूज

**बीना 8 फरवरी. आरएसएस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मां जागेश्वरी देवी मार्ग पर कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

महंत केशवगिरी महाराज राम जानकी मंदिर सागर, उमेश प्रांत बैठक प्रमुख डॉक्टर शालिनी गुप्ता जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, रितिका तिवारी द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत के साथ शुरू किया गया. केशव गिरी महाराज ने कहा कि यह एकजुटता केवल एक भीड़ नहीं, बल्कि गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण का संकल्प है. उन्होंने राष्ट्रहित में जाति-पाति से ऊपर उठकर एक होने का आह्वान किया. इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष डॉ शालिनी गुप्ता, दशरथ पुरोहित, भक्त माली, शिवम पाठक, दीपेश महाराज ने बात रखी. संचालन निखिल पाठक, आभार जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया ने माना.



# चीमाढाना के जंगल में जुआ

नवभारत न्यूज

**गौरझमामर 8 फरवरी. राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर स्थित चीमाढाना गांव इन दोनों जुआखोरी के मामले में खासा चर्चा में है. बता दें कि यहां शाम से ही लोग लाखों करोड़ों के दांव लगाने जिले के अलावा सीमावर्ती जिलो सागर, नरसिंहपुर, दमोह, रायसेन आदि से चीमाढाना आ रहे है.**

जानकारी के अनुसार पेशेवर जुआ के खिलाड़ी बड़े-बड़े खानदानी रईश लोग अपने महंगे मंहगे टू व फोर व्हीलर वाहनों से नोटो की गड्डियों के साथ आकर प्रसिद्ध जुआ फड़ की शान बढ़ाते है और अपने-अपने लाखो के दांव लगाकर जुआ खेलते हैं. बता दें कि इस चर्चित जुआ स्थल पर तमाम आधुनिक सुविधाएं व संसाधन मौजूद रहते हैं.



बताया जाता है कि यहां पर विगत कई दिनों से यह जुआ का खेल बड़े पैमाने पर खेला जा रहा है जहां सौ दो सौ हजार नही बल्कि लाखों के दांव चले जा रहे है. सूत्र बताते हैं कि जुआ फड़ पर करेली, नरसिंहपुर, गाडरवारा, जबलपुर, दमोह, सागर के अलावा लोकल देवरी, महाराजपुर, गौरझामर, रहली, केसली, सुरखी, सहजपुर तक के खिलाड़ी इस जुआ के अड्डे पर पहुंचते हैं. बता दें कि इस बड़े जुआ के खेल में कई लोग बर्बाद हो चुके हैं.

## जरुरतमंदों को मिला रक्त

**सागर.** पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से 7 फरवरी के मध्य 90 जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है. इस सेवा प्रकल्प से अभी तक कुल 530 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है. गत 3 सप्ताह में जिन 90 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें जिले के क्षेत्रों, बंडा, केसली, गौरझामर, गढ़ाकोटा, खुरई, सुरखी, रहली राहतगढ़ मालथौन, नरयावली, बांदरी, बीना के ग्रामों व वार्डों से सागर संभागीय मुख्यालय पर इलाज कराने आए मरीज शामिल हैं. रक्तदान को सेवा प्रकल्प के रूप में श्री सिंह तथा उनके पुत्र अविराज सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष के मई तथा नवंबर माहों आयोजित हुए दो रक्तदान शिविरों में लगभग 2181 यूनिट रक्तदान हुआ है.

# प्याज से भरी पिकअप पलटी, युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 8 फरवरी. कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसौराखुर्द स्थित पंप के पास सड़क हादसा हो गया. प्याज से लदी एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान श्रीराम पुत्र बारेलाल, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम भैंसाई के रूप में हुई है. बताया गया है कि श्रीराम मजदूरी का काम कर देर रात अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान मसोरा खुर्द पंप के पास प्याज से भरी पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और वह उसकी चपेट में आ गया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, घायल पिकअप चालक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है.

## फेसबुक आईडी हैक, साइबर थाने में मामला दर्ज

**ललितपुर.** साइबर अपराध थाना में सोशल मीडिया के दुरुपयोग और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग का एक गंभीर मामला दर्ज किया गया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना बार क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती ने बताया कि पूर्व में साइबर अपराध के एक मामले में आरोपी युवक के विरुद्ध थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसमें उसे जेल भी जाना पड़ा था. जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद आरोपी ने पीड़िता से बदला लेने की नीयत से उसकी फेसबुक आईडी हैक कर ली और उस पर आपत्तिजनक फोटो व अश्लील शब्दों के साथ पोस्ट करना शुरू कर दिया. पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लगातार उसे धमका रहा है और पैसों की मांग कर रहा है. धमकी दी जा रही है कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो उसकी निजी और अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जाएगी. जब परिजनों ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी ने देर रात अश्लील भाषा में पोस्ट डालकर बदनाम करने की कोशिश की. शिकायत में यह भी उल्लेख है कि आरोपी लगातार कॉल और ऑनलाइन माध्यमों से संपर्क कर मानसिक उत्पीड़न कर रहा है, जिससे पीड़िता और उसका परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर है. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा पंजीकृत किया है. विवेचना की जिम्मेदारी निरीक्षक मुनेश भारती को सौंपी गई है.

# दो दिवसीय सेमिनार का समापन

नवभारत न्यूज

**सागर 8 फरवरी. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा सामाजिक अनुसंधान के विविध आयाम विषय पर आयोजित हुआ.**

इस सत्र के अध्यक्ष डॉ. ध्रुव दीक्षित सचिव मध्यांचल सोशियोलॉजिकल सोसायटी रहे. विषय विशेषज्ञ डॉ. वासुदेव जादोन सहायक प्राध्यापक के.आर.जी महाविद्यालय ग्वालियर, डॉ. स्वाति शुक्ला सहायक प्राध्यापक पी.एम.श्री आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा एवं डॉ. शिवानी राय सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय हटा उपस्थित थे. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने शोध प्रक्रिया एवं शोध संस्थानों पर विस्तृत चर्चा की. संचालन एवं आभार आयुष गोस्वामी शोध छात्र समाजशास्त्र द्वारा किया गया. संगोष्ठी के समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि मनीषा मिश्रा ने आयोजित अकादमिक गतिविधियां उत्कृष्टता को करती है. विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल पारे ने कहा कि व्यक्ति से समाज से राष्ट्र एवं अच्छे व्यक्ति से उत्कृष्ट राष्ट्र बनता है. समाजशास्त्र समाज को बेहतर बनाने का कार्य करता है.



# कर्मचारी संघ की बैठक में निर्णय



नवभारत न्यूज

**सागर 8 फरवरी. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय में आयोजित कर्मचारी संगठनों की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समस्याओं का समाधान नहीं होता सोमवार से कोई भी कर्मचारी ई-अटेंडेंस नहीं लगायेगा.**

अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष चूरामन रैकवार एवं जिला संयोजक आलोक गुप्ता ने बताया कि हमारे शिक्षक एप्प में आने वाली समस्याएं विडंबनापूर्ण हैं. इस दौरान डॉ. राजेंद्र यादव, ठाकुर शैलेंद्र सिंह, गांधाली कदम, अवधेश उपाध्याय, राकेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र दुबे, रामकुमार तिवारी मौजूद थे.

## छात्राओं को मार्गदर्शन

**बंडा.** पीएमसी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रोशनी खरे जिसने इसी वर्ष हाई स्कूल में प्रदेश की मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया था. रोशनी ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया की किस प्रकार तैयारी करना है मानसिक तनाव बिल्कुल भी नहीं लेना है, सुबह उठकर पढ़ना है, जिस दिन पेपर हो उस दिन पर्याप्त नींद लेना है. इस प्रकार अनेक बातें अपनी जूनियर छात्राओं को बताई जिससे छात्राओं में तनाव कम हो सके और अच्छे नंबर प्राप्त कर सकें. प्राचार्या संतोष चौरासिया ने बताया कि जैसा हम लोगों से मीटिंग में कलेक्टर ने बोला था कि यदि उस विद्यालय का विद्यार्थी ही विद्यार्थी का मार्गदर्शन करेगा तो अधिक प्रभावी होगा.